प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
04.06.2025 / प्रादेशिक समाचार / 15:00बजे

प्रधानमंत्री–पर्यावरण दिवस

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल पांच जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नई दिल्ली के भगवान महावीर वनस्थली पार्क में विशेष वृक्षारोपण अभियान की शुरुआत करेंगे। प्रधानमंत्री एक पेड़ मां के नाम पहल के तहत बरगद का पौधा लगाएंगे। यह अरावली ग्रीन वॉल परियोजना का एक हिस्सा होगा, जिसका उद्देश्य सात सौ किलोमीटर की अरावली श्रृंखला का फिर से वनीकरण है। इस बीच भारतीय जनता पार्टी आगामी दिनों में विकसित भारत का अमृतकाल, सेवा सुशासन गरीब कल्याण के 11 साल मनाने के साथ–साथ कई कार्यक्रमों का आयोजन करेगी। प्रदेश भाजपा महामंत्री त्रिलोक कपूर ने बताया कि पांच जून को विश्व पर्यावरण दिवस, 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस, 23 जून को श्यामा प्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस और 25 जून को आपातकाल के काले अध्याय के 50वें वर्ष जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

...............................................

सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल

आतंकवाद के खिलाफ भारत के दृढ़ रुख का संदेश लेकर विश्व के देशों में गए सात बहुदलीय प्रतिनिधिमंडलों में से चार प्रतिनिधिमंडल सफल यात्रा के बाद भारत लौट आए हैं। इस दौरान, इन प्रतिनिधिमंडलों ने विदेशी नेताओं, वरिष्ठ अधिकारियों, प्रभावशाली थिंक टैंक, मीडिया और प्रवासी भारतीयों से बातचीत की। शिवसेना सांसद श्रीकांत शिंदे के नेतृत्व में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल संयुक्त अरब अमीरात, लाइबेरिया, डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो गणराज्यस और सिएरा लियोन का दौरा करने के बाद आज सुबह भारत लौटा। जनता दल सांसद संजय झा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल सिंगापुर, जापान, दक्षिण कोरिया, मलेशिया और इंडोनेशिया की यात्रा सफलतापूर्वक पूरी करके स्वदेश आ गयाहै। उन्होंने कहा कि सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल भेजने का संदेश यह था कि पूरा देश आतंकवादके मुद्दे पर एकजुट है।

भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद के नेतृत्व में संसदीय प्रतिनिधिमंडल वर्तमान में बेल्जियम के यूरोपीय संघ के मुख्यालय के दौरे पर है।

...............................................

सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल–2

यूरोपीय संघ स्तर पर तथा बेल्जियम के अधिकारियों के साथ बातचीत सीमा पार आतंकवाद व पहलगाम में हाल ही में हुए जघन्य आतंकवादी हमले सहित आतंकवाद पर केंद्रित है। इस बीच, कांग्रेस सांसद डॉक्टर शशि थरूर के नेतृत्व में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल वाशिंगटन डीसी में अमेरिकी कांग्रेस और प्रशासन के सदस्यों, थिंक टैंक, मीडिया व नीति निर्माताओं से मिलकर उन्हें ऑपरेशन सिंदूर और आतंकवाद के विरुद्ध भारत के कड़े रुख के बारे में जानकारी देगा।

............................................

कोविड एडवाजरी

देशभर में एक बार फिर कोविड–19 के मामलों में बढ़ोतरी देखी जा रही है और इसका असर अब हिमाचल प्रदेश में भी दिखने लगा है। प्रदेश में कोरोना संक्रमण का नया मामला सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग ने तत्काल सतर्कता बरतते हुए एडवाइजरी जारी कर दी है। इसके तहत प्रदेश के सभी सरकारी अस्पताल परिसरों में मास्क पहनना अनिवार्य कर दिया गया है। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक, मरीजों के साथ अस्पताल आने वाले तीमारदारों को भी मास्क पहनना होगा। खासतौर पर बुजुर्गों, बच्चों और गंभीर बीमारियों से जूझ रहे लोगों को अतिरिक्त सावधानी बरतने और अनिवार्य रूप से मास्क पहनने की सलाह दी गई है। एडवाइजरी में सार्वजनिक स्थलों पर सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करने की भी सख्त हिदायत दी गई है, ताकि संक्रमण की श्रृंखला को तोड़ा जा सके। प्रदेश के सबसे बड़े अस्पताल इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज शिमला में कोविड से निपटने के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं। अस्पताल में एक सौ 50 ऑक्सीजन युक्त बेड वाले मेकशिफ्ट कोविड वार्ड को तैयार किया गया है। अस्पताल में पर्याप्त मात्रा में कोविड टेस्टिंग किट, आवश्यक दवाएं और चिकित्सकों की टीम 24 घंटे मौजूद है।

............................................